
## एक नजर में

### नाथ मंदिर पर मराठी में भागवत कल से



इंदौर . साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सोमवार 18 से 24 मई तक श्रीमद देवी भागवत कथा का दिव्य आयोजन श्रुति सागर आश्रम फुलगांव पुणे की प्रख्यात आध्यात्मिक गुरुमाता स्थितप्रज्ञानंद सरस्वती के श्रीमुख से किया जा रहा है। गुरुमाता मराठी भाषा में भागवत कथामृत की वर्षा करेंगी जो शहर में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा. नाथ मंदिर संस्थान की विज्ञप्ति के अनुसार कथा के साथ ही 22 और 23 मई को लोककल्याण की भावना से नवचंडी स्वाहाकार यज्ञ, शनिवार 23 मई को सुबह 9 बजे से कुमकुमार्चन विधि का अनुष्ठान भी होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल होंगी. 24 मई को दोपहर में कन्या पूजन के साथ इस सात दिवसीय महोत्सव का विधि-विधान के साथ समापन होगा. अनुष्ठान में शामिल होने के लिए इंदौर के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों और जिलों के श्रद्धालु भी इंदौर आएंगे .

### सत्कार कला कल्याण समिति गठित



इंदौर . सत्कार कला कल्याण समिति गठित की गई. समिति के संरक्षक कैलाश मुंशी, अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, उपाध्यक्ष डॉ .सरिता राव एवं पुरुषोत्तम वाघमारे मानद सचिव -विजय पारेख. संयोजक- डॉ. अरुण अग्रवाल, संगठन सचिव डॉ. अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन विजयवर्गीय, सांस्कृतिक सचिव डॉ. सुर्यांश दिल्लीवाल चुने गए. समिति में डॉ. ज्योति सिमलोट को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है.

### प्राचीन सिक्कों व डाक टिकटों से सजी घड़ियों का कलेक्शन



इंदौर . अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार करते हुएवॉचमेकर गौरव मेहता ने इंदौर के फीनिक्स सिटाडेल मॉल में अपने पहले बुटीक के उद्घाटन किया. यह नया बुटीक, जयपुर वॉच कंपनी की विरासत शिल्पकला और आधुनिक लग्जरी के विशिष्ट मिश्रण को मध्य प्रदेश के केंद्र तक लेकर आया है. इस बुटीक को विशेष रूप से जयपुर वॉच कंपनी की दुर्लभ और अर्थपूर्ण घड़ियां बनाने की विरासत को दर्शाने के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें प्राचीन सिक्कों और विंटेज डाक टिकटों से सजी प्रतिष्ठित घड़ियां, भारतीय शाही विरासत, इतिहास और उत्कृष्ट कलाकारी से प्रेरित लिमिटेड एडिशन कलेक्शन शामिल हैं. इस अवसर पर जयपुर वॉच कंपनी के संस्थापक गौरव मेहता ने कहा इंदौर एक तेजी से विकसित हो रहा शहर है, जहां गुणवत्ता, शिल्पकला और नवाचार के प्रति गहरी सराहना है. फीनिक्स सिटाडेल मॉल में हमारा स्टोर खोलने से हमें ऐसे नए ग्राहकों से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जो विशिष्टता और विरासत से जुड़ी लग्जरी को महत्व देते हैं. यह विस्तार भारतीय घड़ी निर्माण कला को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक मंच प्रदान करने के हमारे मिशन को और मजबूत करता है.

### इलेक्ट्रिवा ने हरित चार्जिंग सुविधा का किया विस्तार

इंदौर . ईवी चार्ज पॉइंट ऑपरेटर, इलेक्ट्रिवा ने इंदौर में सौर ऊर्जा आधारित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग व्यवस्था के तेजी से विस्तार पर ध्यान दे रहा है, जो शहर को एक अधिक हरित और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने का प्रयास है. इलेक्ट्रिवा की यह चार्जिंग व्यवस्था इंटरनेट आधारित और स्वचालित प्रणाली पर आधारित है, जो उपयोगकर्ताओं को एक सरल और भरोसेमंद अनुभव प्रदान करती है. उपयोगकर्ता अपने मोबाइल के माध्यम से नजदीकी चार्जिंग स्टेशन खोज सकते हैं और कुछ स्थानों पर पहले से बुकिंग की सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं. शहर में इस पहल इलेक्ट्रिवा के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर, सुमित धनुका ने कहा हमारा मानना है कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का असली अर्थ तभी पूरा होता है, जब उसकी ऊर्जा भी स्वच्छ हो. सौर ऊर्जा आधारित चार्जिंग व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इंदौर जैसे शहर में, जहाँ स्वच्छता और सतत विकास को प्राथमिकता दी जाती है, यह पहल लोगों को एक जिम्मेदार और व्यावहारिक विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करती है.

### सैमसंग ने एआई टीवी के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया

इंदौर . सैमसंग ने घोषणा की है कि भारत में ग्राहक अब कंपनी के नए 2026 विजन एआई टेलीविज़न के लिए अपनी दिलचस्पी दर्ज करा सकते हैं. कंपनी इस नई टीवी सीरीज़ को इसी महीने लॉन्च करने वाली है. सैमसंग के नए विजन एआई टीवी एडवांस फीचर्स और अत्याधुनिक तकनीक के साथ आएंगे, जो व्यूइंग अनुभव को और बेहतर बनाएंगे. कंपनी ने बताया कि 2026 में वह अपनी विजन एआई कम्पेनियन यानी वीएसी सुविधाओं का विस्तार 4के यूएचडी और उससे ऊपर की टीवी रेंज में करेगी, जो टीवी अनुभव के केंद्र में एआई को लाने की उसकी व्यापक रणनीति को दर्शाता है. इससे एआई आधारित व्यूइंग को ज्यादा कैटेगरी, स्क्रीन साइज़ और अलग-अलग उपभोक्ता जरूरतों तक पहुंचाया जा सकेगा. सैमसंग की नई टीवी रेंज के लिए ग्राहक 12 मई से 25 मई के बीच सेमसंग.कॉम पर हैंड-रेज़र पेज या रिटेल आउटलेट्स पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. रजिस्ट्रेशन कराने वाले ग्राहक बिक्री शुरू होने पर चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10,000 रुपये तक के अर्ली बर्ड डिस्काउंट के लिए पात्र होंगे.

# चैंबर में फंसा व्यक्ति का पैर, सरिया काटकर निकालना पड़ा

- वर्ल्ड कप चौराहे के पास हुई घटना, बड़ा हादसा टला
- निगम की लापरवाही हुई उजागर, अन्य स्थानों पर भी हालत खराब

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शनिवार को शहर में नगर निगम की लापरवाही की वजह से एक व्यक्ति की जान पर बन आई. वर्ल्ड कप चौराहे पर चेंबर के ऊपर ढक्कन की बजाय सरिए लगे होने से एक युवक पांव नीचे तक जाकर फंस गया. यह बात अलग है कि उक्त चेंबर का सरिया काटकर निगम ने युवक की जान बचाई. दूसरी तरफ शहर में जहां तहां खोद रखा है, जिससे आम जनता कि जान को खतरा बन रहता है.**

आज वर्ल्ड कप चौराहे पर चेंबर में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालने के लिए नगर निगम की टीम को सरिया काटना पड़ा. बताया जा रहा है कि चैंबर का ढक्कन सरिए का बना हुआ था. इसी के चलते युवक का पैर चेंबर के अंदर फंस गया था, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. इससे युवक की जान पर बन आई थी. काफी मशक्कत के बाद निगम कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सरिया काटा और उस व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला. घटना ने एक बार फिर शहर में खुले



और असुरक्षित चेंबरों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं. वहीं, शहर में नगर निगम ने जहां तहां खुदाई कर रखी है. इसका परिणाम यह है कि आए दिन शहर में दुर्घटनाएं होती है. इसके अलावा नगर निगम की खुदाई से शहर में यातायात जाम की व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है. असुरक्षित ढक्कनों के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है. कई स्थानों पर सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि धूल और प्रदूषण से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी झेलनी पड़ रही हैं.

**सुधारने के दिए निर्देश**-अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक ने कहा कि हमने आज ही बैठक लेकर ड्रेनेज और स्ट्रॉम वॉटर लाइन के चेंबर को सुधारने और ठीक करने के निर्देश दिए है. साथ 5 टीम बनाई है, जिसे शहर में निरंतर खुले चेंबर देखकर ठीक करने के आदेश दिया है. बारिश के पहले सब जगह दुरस्ती का कार्य शुरू करने का भी चारों एजेंसियों से भी कहा है.

### पेड़ की टहनी से लगाया संकेतक



टिगरिया बादशाह जाने वाले मार्ग पर भी एक फूटे चेंबर को ढकने के बजाय केवल एक झाड़ की टहनी लगाकर संकेतक बना दिया गया है, जो सुरक्षा के नाम पर मजाक जैसा प्रतीत होता है. ऐसे हालात में आम राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं.

# 'मैं घोर सनातनी हूं' : दिग्विजय सिंह

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मैं शुरू से घोर सनातनी हूं और तुम हिंदू-हिंदू करते थे. अब जाकर तुमने माना कि सनातन संस्कृति और धर्म है. मैंने नर्मदा यात्रा की है और ग्यारस करता हूं. तुम करती हो? फिर कैसे मुझे बोलते हो कि मैं सनातन धर्म नहीं मानता?**

यह बात आज दिग्विजय सिंह ने रेसिडेंसी में बीजेपी विधायक उषा ठाकुर से कही. दिग्विजय सिंह कल शाम से इंदौर में है. इस दौरान उन्होंने धार भोजशाला के फैसले पर कहा कि किसी एक वर्ग को दोषी या गलत बताना ठीक नहीं है. आज रेसिडेंसी पर उनकी मुलाकात बीजेपी विधायक उषा ठाकुर से हुई. उन्होंने उषा ठाकुर से बोला कि तू मेरी छोटी बहन है. उषा ने कहा कि आप मेरे बड़े भाई हो, फिर सनातन धर्म का विरोध क्यों करते हो? इस पर दिग्विजय ने उषा से कहा कि मैं घोर सनातन धर्म मानने वाला हूं. तुम हिंदू-हिंदू करते थे, मैं सनातन धर्म की बात करता रहा हूं शुरू से. उषा बोली आप सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं करते हो, इस पर दिग्विजय ने कहा कि मीडिया और सबके सामने कह रहा हूं. उषा ने कहा ,हाईकोर्ट के फैसले का विरोध क्यों? इस पर



दिग्विजय ने तपाक से पूछा कि मैंने कब विरोध किया? उषा बोली किसी ने बोला है. किसने बोला ? इसका जवाब भी नहीं था उषा के पास. सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने पर उषा ने दिग्विजय का आभार जताया.







